सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-357
13/08/2018

नोबेल पुरस्कार विजेता वी0एस0 नायपॉल के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 13 अगस्त, 2018 :– भारतीय मूल के ब्रिटिश लेखक और नोबेल पुरस्कार विजेता विद्याधर सूरज प्रसाद नायपॉल के निधन पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि उन्होंने अपनी लेखनी में सच्चाई को सबसे उपर रखा। वे अपनी लेखनी में धर्म एवं राजनीति जैसे विषयों पर बेबाक तरीके से अपना विचार प्रस्तुत करते थे। उनके निधन से साहित्यजगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं समर्थकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******